# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–10 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने महाकुंभ के अवसर पर सर्किट हाउस से प्रसार भारती के विशेष चैनल कुंभवाणी और कुंभ मंगल धुन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि यह एफएम चैनल न सिर्फ लोकप्रियता की नई ऊंचाई हासिल करेगा, बल्कि महाकुंभ को दूरदराज के उन गांवों तक भी ले जाएगा जहां के लोग चाह कर भी यहां नहीं पहुंच पाते हैं।

**प्रसार भारती के एमएम चैनल ने दो हजार तेरह में भी, दो हजार उन्नीस में भी और आज जब महाकुंभ के इस आयोजन के हम साक्षी बन रहे हैं। इस अवसर पर भी कुंभ वाणी के नाम पर इस विशेष एफएम चैनल को यहां पर शुभारम्भ करने की कार्यवाही प्रारम्भ की है। मैं इसके लिये उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रसार भारती को हृदय से धन्यवाद देता हूं।**

हमारे प्रयागराज प्रतिनिधि ने बताया है कि एक सौ तीन दशमलव पांच मेगाहर्ट्ज़ फ्रीक्वेंसी पर यह चैनल प्रसारित होगा । छब्बीस फरवरी तक इस चैनल का प्रसारण सुबह पांच बज कर पचपन मिनट से रात में दस बज कर पांच मिनट तक किया जाएगा।

इस मौके पर प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने बताया कि महाकुंभ के आयोजन को जन जन तक पहुंचाना प्रसार भारती का लक्ष्य है।

***आज कुंभवाणी का विशेष चैनल लांच किया गया है। माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी ने शुरू किया है। माननीय प्रधानमंत्री जी की जो उनका लक्ष्य है विकसित भारत के साथ साथ भारत की जो सनातन जो सांस्कृतिक विरासत है। उसको न केवल सहेजना बल्कि उसको प्रफ्फूलित उसको आगे बढ़ाना उस उद्देश्य से इस आयोजन को जन जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है***

केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन भी लोकार्पण कार्यक्रम से वर्चुअल तौर पर जुड़े और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया । इस मौके पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक समेत प्रदेश सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री, प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद एवं आकाशवाणी और दूरदर्शन के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद रहे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और जनप्रतिनिधि स्वर्गीय कमला बहुगुणा की प्रतिमा का अनावरण किया और स्वरूप रानी चिकित्सालय पहुंच कर नंदी सेवा संस्थान द्वारा संचालित मां की रसोई का भी उद्घाटन किया। इस रसोई से आर्थिक तौर पर कमजोर लोगों को मात्र नौ रूपये में भरपेट खाना मिलेगा। उन्होंने यूपी स्टेट पवेलियन प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने महाकुम्भनगर के सेक्टर सात में तैयार किये गये कला कुंभ का भी शुभारम्भ किया। उन्होंने प्रयागराज में विशेष शटल और अटल सेवा नाम से इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

**********

अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर कल से तेरह जनवरी तक महोत्सव का आयोजन होगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। पहले दिन रामलला को सोने चांदी से बनी पीतांबरी पहनाई जाएगी। हमारे प्रतिनिधि ने बताया है कि वहां के समस्त कार्यक्रमों का विभिन्न चैनलों के अलावा यू ट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर भी सीधा प्रसारण किया जाएगा। ठंड के मौसम को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अंगद टीला पर जर्मन हैंगर टेंट लगाए जा रहे हैं। सुरक्षा के भी कड़े प्रबंध किये गये हैं। विशेष आमंत्रित अतिथियों को विशेष कार्ड को स्कैन कर ही प्रवेश दिया जाएगा। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा ने बताया कि परिसर आने वाले लोगों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

**********

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज गोरखपुर के तारामंडल स्थित चंपा देवी पार्क में गोरखपुर महोत्सव का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में महोत्सव मनाने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुरू किया है। उन्होंने अपील की कि अगर सभी लोग मिल कर विकसित प्रदेश बनने का प्रयास करेंगे तभी उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य बनेगा। इस मौके पर पर्यटन और संस्कृति मंत्री ने नेशनल बुक डिपो की प्रदर्शनी और विज्ञान प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया । महोत्सव बारह जनवरी तक चलेगा, जबकि इससे जुड़ा शिल्प मेला सोलह जनवरी तक चलेगा।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में सुबह और रात के समय कोहरा और शीतलहर जारी रहने की संभावना जताई है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और इसके आसपास के जिलों में आज दिन में थोड़ी देर के लिए धूप निकली, हांलाकि ठंड का असर बना हुआ है। प्रदेश के जौनपुर, हापुड, गौतम बुद्ध नगर और शामली समेत कई जिलों में आज कोहरे के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त रहा।

**********